भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1096
गुरूवार, 13 फरवरी, 2025/24 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

देश में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन का विकास

1096 श्री आर. गिरिराजन:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केंद्र सरकार ने देश में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रख्यात पर्यटन स्थलों पर, विशेष रूप से तमिलनाडु में, बुनियादी सुविधाएं विकसित करने के लिए राज्य सरकारों को सहयोग और वित्त पोषण प्रदान करने के लिए कोई पहल की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) अधिक संख्या में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करने वाले पर्यटन स्थलों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पिछले पांच वर्षों में तमिलनाडु को कितनी धनराशि आवंटित की गई है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): पर्यटन का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय, अपनी स्वदेश दर्शन योजना (एसडीएस) और तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) नामक योजनाओं के अंतर्गत पर्यटन संबंधी परियोजनाओं को शुरू करने के लिए उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करता है। ऐसी सहायता संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति पर और सरकार द्वारा समय-समय पर जारी योजना दिशा-निर्देशों एवं अनुदेशों के अनुपालन, बजट की उपलब्धता, पारस्परिक प्राथमिकता आदि की शर्त पर प्रदान की जाती है।

मंत्रालय ने देश में स्थायी पर्यटक स्थलों को विकसित करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के नाम से अब नया रूप दिया है।

तमिलनाडु राज्य में स्वदेश दर्शन, प्रशाद और एसडी 2.0 योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में है।

स्वदेश दर्शन योजना की एक उप-योजना, चुनौती आधारित गंतव्य विकास के तहत पर्यटन मंत्रालय ने देश में विकास के लिए 42 गंतव्यों को चिह्नित किया है, जिसमें तमिलनाडु राज्य में 'तंजावुर' (संस्कृति और विरासत श्रेणी) और 'रामेश्वरम द्वीप' (आध्यात्मिक श्रेणी) शामिल हैं।

भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अपनी 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' योजना के तहत तमिलनाडु में निम्नलिखित परियोजनाओं सहित 23 राज्यों में 3295.76 करोड़ रुपये की लागत की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी:

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**लागत (करोड़ रु. में)**
1	मामल्लापुरम में नंदवनम हेरिटेज पार्क	99.67
2	देवला, ऊटी में फूलों का बगीचा	70.23

*****

अनुबंध

श्री आर. गिरिराजन द्वारा देश में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन का विकास के संबंध में दिनांक 13.02.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 1096 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

तमिलनाडु राज्य में स्वदेश दर्शन, प्रशाद और एसडी 2.0 योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

स्वदेश दर्शन योजना

परिपथ/स्वीकृति का वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
तटीय परिपथ 2016-17	(चेन्नई- मामल्लापुरम – रामेश्वरम – मनपदु – कन्याकुमारी) का विकास	73.13

प्रशाद योजना

स्वीकृति का वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
2016-17	कांचीपुरम का विकास	13.99
2016-17	वेलंकन्नी का विकास	4.86

स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) योजना

स्वीकृति का वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
2023-24	'मामल्लापुरम के शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस'	30.02

*****